भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3945
(25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

तमिलनाडु में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

3945. श्री मलैयारासन डी.:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत सड़कों के निर्माण अथवा उन्नयन में विलंब के क्या कारण हैं और इस विलंब को दूर करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ख) क्या तमिलनाडु में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन में भूमि अधिग्रहण , पर्यावरणीय मंजूरी और अन्य मुद्दों में किन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और यदि हां, तो ऐसे मुद्दों के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) तमिलनाडु में इस योजना को पूरा करने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) से (ग): तमिलनाडु राज्य ने पीएमजीएसवाई -I एवं II के तहत स्वीकृत सभी परियोजनाएं पूरी कर ली गई हैं। पीएमजीएसवाई -III के तहत, कुल स्वीकृत सड़क लंबाई 7,317.83 किलोमीटर में से , राज्य ने 20.03.2025 की स्थिति के अनुसार , 5,055 किलोमीटर सड़क लंबाई पहले ही पूरी कर ली है। 2,235 किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण कार्य कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है।

पीएमजीएसवाई-III के पूरा होने की समय-सीमा मार्च, 2025 तक है। राज्य ने सूचित किया है कि नवंबर-दिसंबर 2024 के दौरान पूर्वोत्तर मानसून के कारण कार्य रोक दिए गए थे। सभी

चल रहे कार्यों में शुरुआती तैयारी कार्य और एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान से डिजाइन मिश्रण प्राप्त करना शामिल है। इसलिए कुछ कार्यों में शुरुआत से देरी हुई है।

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़क कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए आवश्यक उचित कार्रवाई करने हेतु समय -समय पर निष्पादन समीक्षा समिति की बैठकों , अधिकार प्राप्त समिति की बैठकों और विशेष बैठकों में पीएमजीएसवाई ।।। कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई है।

***